प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 17.12.2024

मुख्य समाचारः–

- छत्तीसगढ़ में रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर शहरों को जोड़ने वाली नई हवाई सेवा परसों उन्नीस दिसंबर से शुरू होगी।
- छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज प्रदेश में अवैध प्लॉटिंग के साथ ही जल जीवन मिशन में अनियमितता के मुद्दे गूंजे।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए उन्नीस दिसंबर को होने वाली आरक्षण की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।
- सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की कल जयंती है–इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।

हवाई सेवा

छत्तीसगढ़ में हवाई सेवा के विस्तार से संबंधित एक बड़ी खबर है। रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर शहरों को जोड़ने के लिए आगामी गुरूवार उन्नीस दिसंबर से नई उड़ान सेवा शुरू होने जा रही है। प्रदेश के तीनों शहरों को जोड़ने वाली यह हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होगी। यात्री पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर इस विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरूआती किराया नौ सौ निन्यानवे रूपये रखा गया है। यह सेवा केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू की जा रही है।

विधानसभा सत्र–01

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज प्रदेश में अवैध प्लॉटिंग के साथ ही जल जीवन मिशन में अनियमितता के मुद्दे गूंजे। सदन में द्वितीय अनुपूरक अनुदान मांगों पर भी चर्चा चल रही है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने घोषणा की कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ नये नियम बनाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेरा और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के तहत जिनको स्वीकृति नहीं मिली है, उन्हें लेकर राज्य सरकार जल्द ही नियम बनाएगी।

अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा आज एक ध्यानाकर्षण सूचना के जरिये धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने उठाया। इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आश्वस्त किया कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चर्चा के दौरान भाजपा विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर ने भी प्रदेश में अवैध प्लॉटिंग के मुद्दे को उठाया।

इसके अलावा आज सत्र के दूसरे दिन भी जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा गूंजा। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने सवाल किया कि जल जीवन मिशन में अनियमितता की शिकायत के बाद ठेकेदारों का टेंडर निरस्त क्यों नहीं किया गया है। इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि जो भी शिकायतें मिली हैं, उस पर कार्रवाई हुई है। ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट भी किया गया है। जांच जारी है, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ी तो एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

अमित शाह—वामपंथी उग्रवाद बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन कल रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान श्री शाह ने सभी सुरक्षा बलों और एजेंसियों को

मार्च दो हजार छब्बीस तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने को कहा।

बैठक के बाद अपने समापन संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि माओवाद के खिलाफ लड़ाई में छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने बहुत अच्छे और समन्वित तरीके से काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षाबलों के कारण पिछले एक साल में माओवादियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, जो एक बहुत बड़ी सफलता है। श्री शाह ने कहा कि मार्च, दो हजार छब्बीस से पहले नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में अभी हमें काफी काम करना बाकी है और इसमें एनआईए की बहुत प्रमुख भूमिका रहेगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और केंद्रीय सशस्त्र बलों के पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे।

<u>अमित शाह–डेयरी/वनोपज</u>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल रायपुर में दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए समझौता हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज से जनजातीय समुदाय की वन उपज, जो पहले कौड़ियों के दाम पर बिक जाती थी, अब सर्टिफिकेशन और बेहतर मार्केटिंग के माध्यम से उचित मूल्य पर बेची जाएगी। इससे आदिवासी समुदाय को सशक्त करने और उनकी आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की स्थापना को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इसके तहत देशभर में

जैविक उत्पादों का परीक्षण और सर्टिफिकेशन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदेश को विकास और समृद्धि की दिशा में ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

अमित शाह–बीजापुर

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री ने कल बीजापुर जिले के गुण्डम फारवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया और सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने गुण्डम गांव में महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि माओवादी आतंक के भय से ग्रामीणों को मुक्त कराने के लिए बस्तर के विभिन्न स्थानों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। बस्तर अंचल में अमन और शांति का वातावरण स्थापित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से जुड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। श्री शाह ने कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुण्डम के नजदीक स्थापित कैम्प में अस्पताल की सुविधा भी है, जहां निःशुल्क उपचार के लिए ग्रामीण निःसंकोच होकर जाएं और झाड़–फूंक के भरोसे न रहें। उन्होंने गांव में स्थित प्राथमिक शाला का अवलोकन कर बच्चों से पढ़ाई सम्बधी जानकारी ली और नियमित स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

आरक्षण कार्यवाही–स्थगित

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए उन्नीस दिसंबर को होने वाली आरक्षण की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। नये आदेश में पुराने आदेश को अपरिहार्य कारण बताते हुए निरस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही आरक्षण को लेकर नया आदेश जारी होगा।

घासीदास जयंती

सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की कल जयंती है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने सामाजिक, आर्थिक शोषण, जातिवाद और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठाई।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे–मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। श्री साय ने कहा कि गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

## जनसंपर्क महाकुंभ

पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा रायपुर में बीस से बाईस दिसंबर तक छियालीसवीं अखिल भारतीय पब्लिक रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजीत पाठक और रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉक्टर शाहिद अली ने बताया कि प्रदेश में पहली बार होने जा रहे जनसंपर्क महाकुंभ में देशभर से जाने–माने पेशेवर जनसंपर्क अधिकारी और सरकारी तथा गैर–सरकारी उपक्रमों के दो सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार कल से लेकर बाईस दिसंबर तक बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस बारे में मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी को विस्तार से बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ विधानसभा के ''रजत जयंती वर्ष'' के उपलक्ष्य में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने आज विधानसभा परिसर में ''स्मृतियां'' छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

- राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, रायपुर के तत्वावधान में संयुक्त हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सात केन्द्रीय कार्यालय शामिल हुए।

- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कल अट्ठारह दिसंबर को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

- पच्चीस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><>